हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 नवंबर, 2025

11 ग्रे वाटर प्रोजेक्ट के निर्माण में सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का...



12 पराली प्रबंधन से बढ़ेगी मिट्टी की उर्वरता, घटेगा प्रदूषणः सुखदेव



## खबर संक्षेप

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक 8 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 8 नवम्बर शनिवार सायं 4 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पैंशनर्ज की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी।

### दहेज को लेकर प्रताड़ित करने वाला पति गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने दहेज उत्पीडऩ के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। महिला थाना प्रभारी अरूणा ने बताया कि पीड़िता द्वारा थाना महिला फतेहाबाद में शिकायत दर्ज करवाई गई थी कि उसके पति एवं सास द्वारा उसे दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। शिकायत पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया।

### हेरोइन तस्करी मामले में सप्लायर को दबोचा

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों पर नकेल कसते हुए रतिया पुलिस ने एक पुराने मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान जगराम उर्फ गामा पुत्र जनता सिंह निवासी गांव सरदारेवाला के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि इकबाल सिंह उर्फ काला पुत्र जनता सिंह निवासी गांव सरदारेवाला गांव सरदारेवाला से गांव हाकमवाला रोड पर रजबाहा पुल के पास नशीला पदार्थ बेच रहा है।

### अवैध शराब सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम एचसी दिनेश कुमार के नेतृत्व में सरकारी गाड़ी पर सवार होकर गश्त व अपराध पड़ताल के दौरान गांव काता खेड़ी नहर के पास पहुंचे।

### युवक 6.76 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**डबवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान चकेरियां रोड गांव जलालआना से एक युवक को 6.76 ग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान चकेरियां रोड पर नाकाबंदी के दौरान मौजूद थे इसी दौरान कार्रवाई की।

---

### नशा मुक्ति : गांव लाली व रतिया में ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग व उपचार

# नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ परिवार समाज और भविष्य को करता है बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस की नशामुक्ति टीम द्वारा एसआई सुंदर के नेतृत्व में गांव लाली व रतिया का दौरा कर नशे के शिकार व्यक्तियों से मुलाकात की। टीम ने मौके पर जाकर इंजेक्शन के माध्यम से ड्रग लेने वाले पूर्व चिन्हित पीड़ितों के हालात का जायजा लिया। इस दौरान गांव लाली में एक पूर्व चिन्हित पीड़ित हाजिर मिला, जबकि लाली के 5 तथा रतिया के 3 नव चिन्हित ड्रग पीड़ितों की पहचान कर उन्हें काउंसलिंग दी गई। नशा मुक्ति टीम ने सभी पीड़ितों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई और आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक औषधियां देकर शुरुआती उपचार की सुविधा भी प्रदान की। इस अभियान के दौरान टीम ने स्थानीय निवासियों, विशेषकर मजदूर वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि परिवार, समाज और भविष्य को भी बर्बाद करता है। ग्रामीणों से नशे के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करने और ऐसे मामलों की सूचना तुरंत पुलिस या नशा मुक्ति हेल्पलाइन पर देने की अपील की गई। एसआई सुंदर ने बताया कि नशा मुक्ति टीम का उद्देश्य सिर्फ ड्रग पीड़ितों की पहचान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें मानसिक, सामाजिक और चिकित्सीय रूप से सामान्य जीवन की ओर लौटाना है। टीम नियमित अंतराल पर गांवों का दौरा कर चिन्हित पीड़ितों से संपर्क बनाए रखती है ताकि उनकी स्थिति में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

- टीम ने ड्रग लेने वाले पूर्व चिन्हित पीड़ितों के हालात का जायजा व 9 पीड़ितों को सहायता दी



रतिया। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते एसआई सुंदर।

#### नशा मुक्ति जागरुकता रैली निकाली

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत एनएसएस इकाई द्वारा नशामुक्त जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में जागरुकता रैली निकाली गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमनदीप कौर ने रैली के दौरान विद्यार्थियों को 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' तथा 'युवा जागो, नशा त्यागो' का संदेश दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य के लिए गम्भीर खतरा है।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने नशा मुक्ति केंद्र का लिया जायजा



सिरसा। नशा मुक्ति केंद्र का दौरा करते एएसपी।

**सिरसा।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फैसल खान ने नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केंद्र का गुरूवार को निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन नशा पीड़ितों का इलाज करवा कर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी अपील कि है की यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति नशे से पीड़ित है और अपनी इच्छा से नशा छोडऩा चाहता है, तो ऐसे लोगों की सूचना पुलिस प्रशासन को दें ताकि समय रहते उनका इलाज करवा कर उन्हें फिर से समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके।। छोडऩे के लिए आगे आ रहे हैं। इस अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र के डॉ. पंकज शर्मा व अन्य स्टाफ ने भी पुलिस प्रशासन द्वारा चलाई जा रही मुहिम की प्रशंसा करते हुए नशे से पीड़ित व्यक्तियों को प्रयाप्त सुविधाए उपल्बध करवाने का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

- नशा छोड़ने की इच्छा रखने वाले व्यक्ति पुलिस का दे सूचना

### नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई



सिरसा। पकड़े गए हेरोइन तस्कर। फोटो : हरिभूमि

# पांच लाख रुपये की हेरोइन सहित चार तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला की विभिन्न पुलिस टीमों ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार नशा तस्करों को करीब 5 लाख रुपए की 53 ग्राम 23 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान ममेरां रोड ऐलनाबाद से पशु चिकित्सालय ऐलनाबाद की ओर जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब नमस्ते चौक ऐलनाबाद के नजदीक पहुंची तो सामने से दो नौजवान युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस की गाड़ी को सामने देखकर अचानक वापस मुडक़र भागने की कोशिश की। पुलिस पार्टी ने शक के आधार उक्त दोनों युवकों को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उक्त दोनों युवकों की तलाशी ली तो बुटा सिंह उर्फ सोनू निवासी तलवाड़ा खुर्द के कब्जा से 20 ग्राम 29 मिलीग्राम हैरोइन मिली जबकि आरोपी कुलदीप सिंह उर्फ बब्बू निवासी तलवाड़ा खुर्द के कब्जा से 15.15 ग्राम हैरोइन बरामद हुई।

#### अन्य मामला

वहीं एक अन्य घटना में सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शहर थाना सिरसा के कीर्ति नगर क्षेत्र से बाइक सवार झांगिया उर्फ अजय कुमार पुत्र लाल चंद निवासी मेला ग्राउंड सिरसा को काबू कर उसके कब्जा से 10 ग्राम 25 मिलीग्राम हैरोइन बरामद की है। ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम ने मदन महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टी प्वाइंट तलवाड़ा रोड़ ऐलनाबाद क्षेत्र से मदन लाल पुत्र लाल चंद निवासी वार्ड नंबर 8 ऐलनाबाद के कब्जा से 7 ग्राम 54 मिलीग्राम हैरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है।

---

### नशीली गोलियां व कैप्सूल सहित तीन गिरफ्तार

#### नश के खिलाफ चलाया अभियान

**डबवाली।** स्वैट कमांडो टीम ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हरजीवन उर्फ हैप्पी निवासी मसीतां, विशाल कुमार उर्फ शेली निवासी मौजगढ़ व राजेंद्र दास पुत्र सुखदेव निवासी बठिंडा को एक हजार नशीली गोलियां व कैप्सूल के साथ काबू किया है। प्रभारी स्वैट कमांडो टीम एएसआई मदन लाल ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए उन्होंने टीम के साथ गश्त के दौरान गांव मसीतां में मौजूद थे। उन्होंने उक्त शख्स हरजीवन सिंह उर्फ हैप्पी निवासी मसीतां को शक के आधार पर रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जा से नशे में प्रयुक्त होने वाली 700 गोलियां टेम्पेन्टाडोल व 300 कैप्सूल प्रेगाबलीन के बरामद हुए। पूछताछ में बताया कि उसे यह गोलियां व कैप्सूल उक्त दोनों आरोपियों विशाल उर्फ शैली निवासी मौजगढ़ व राजेंद्र दास निवासी बठिंडा ने ही सप्लाई की थी। टीम ने तत्परता दिखाते हुए उक्त दोनों को काबू कर लिया। उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए थाना शहर डबवाली के हवाले किया गया। जो तीनों को एसआई सुधीर कुमार द्वारा धारा 172 बीएनएस के तहत डिटेन कर कार्रवाई की गई ।

### हिजरावां कलां के पास पंजाब के युवक को हेरोइन सहित किया काबू

#### 9.20 ग्राम हेरोइन की बरामद

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 9.20 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक प्रेम कुमार अपनी टीम के साथ अपराध रोकथाम हेतु गांव हिजरांवा कलां बस अड्डा पर मौजूद थे। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति संजीव कुमार उर्फ सिब्बू पुत्र बिन्द्र पाल निवासी सरदूलगढ़ बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर रतिया क्षेत्र में हेरोइन बेचने आ रहा है। सूचना पर तत्काल नाका बंदी हांसपुर मार्ग पर की गई। कुछ समय बाद एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित आता दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर वापस मुडऩे लगा। तत्परता से कार्रवाई करते हुए टीम ने उसे काबू किया। आरोपी से पूछताछ में उसका नाम संजीव कुमार उर्फ सिब्बू निवासी सरदूलगढ़, जिला मानसा, पंजाब सामने आया। नियमानुसार आरोपी व मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कुर्ते की जेब से एक पारदर्शी मोमी पाउच में 9.20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

---

### सड़कों पर पशुओं का आतंक, सेनेटरी इंस्पेक्टर बोले : कुछ नहीं हो सकता



**फतेहाबाद।** नगर परिषद फतेहाबाद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आवारा पशुओं के नाम पर लाखों रुपए का बजट खर्च दिखाया गया है, लेकिन शहर की सड़कों पर अब भी पशुओं का आतंक कायम है। पुराने पंजाब नेशनल रोड का हाल यह है कि सड़क पर रोजाना गाय-भैंसें घूमती रहती हैं, जिससे वहां से गुजरने वाले हजारों स्कूली बच्चों की जान को हर वक्त खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन को इसकी शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस बारे में जब नगर परिषद के अधिकारियों से बातचीत की गई तो उन्होंने लापरवाही भरे अंदाज में कहा, कोई बात नहीं, जो करना है कर लो। मुख्य सफाई निरीक्षक सैनी से इस संबंध में बात करने पर भी उन्होंने यही जवाब दिया। जब उनसे कहा गया कि शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी तो उन्होंने कहा, कर लो, कुछ नहीं हो सकता। लोगों में इस रवैये को लेकर भारी आक्रोश है। शहरवासी मांग कर रहे हैं कि नगर परिषद के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और सडक़ों पर घूम रहे आवारा पशुओं को जल्द से जल्द हटाया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

- लोगों ने कहा, कई बार की शिकायतस, अधिकारी बोले-जो करना है कर लो

### 9 एमएम बारिश दर्ज, शहर का एक्यूआई अधिकतम 135 पहुंचा

# बरसात के बाद रात को ठंड बढ़ी, फतेहाबाद में न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस

> कल से 9 नवंबर के दौरान मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मंगलवार शाम को अचानक हुई बारिश के बाद फतेहाबाद में रात को ठंडक महसूस होने लगी है। शहर का न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जोकि सामान्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। फतेहाबाद का यह तापमान प्रदेश में सबसे कम है। यहां का अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। बता दें कि शहर में मंगलवार शाम को 9 एमएम बारिश दर्ज की गई थी। बारिश के बाद शहर के एक्यूआई में भी सुधार हुआ वहीं तापमान में भी कमी दर्ज की गई। सीपीसीबी के रिकॉर्ड के अनुसार शहर का एक्यूआई अधिकतम 135 और एवरेज 103 पर पहुंचा। पिछले काफी समय बाद यह एक्यूआई रिकॉर्ड हुआ है। एचएयू हिसार कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खीचड़ ने बताया कि हरियाणा राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण 7 नवंबर को राज्य में मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान बीच-बीच में आंशिक बादलवाई तथा कुछ एक स्थानों पर गरज-चमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है। इसके अलावा 8 से 9 नवंबर के दौरान मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना है।



फतेहाबाद। शहर में हुई बरसात। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने नीली बत्ती लगी बोलेरो गाड़ी पकड़ी

# बिना परमिशन से खोला कार्यालय शिकायत पर हुआ भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने सरकारी योजनाओं के लिए फार्म भरने के लिए की जा रही ठगी का भंडाफोड़ किया है। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना एवं लाडो योजना के लिए फार्म भरने के लिए कथित ठग ने बस स्टैंड के नजदीक समाधान ग्रामीण वेलफेयर एंड इंम्पॉलयमेंट सर्विसिज लिमिटेड (भारत सरकार) कार्यालय खोला हुआ था। पुलिस को कार्यालय के बाहर खड़ी सफेद रंग की बोलेरो, जिस पर नीली बत्ती लगी हुई थी, भी मिली है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जब इस कार्यालय पर छापेमारी की तो तो कार्यालय में स्टाफ सदस्य मिले। पुलिस ने संस्था या कार्यालय के रजिस्ट्रेशन बारे पूछा तो कोई दस्तावेज नहीं मिला। स्टाफ ने हिसार के राममेहर को कार्यालय का हेड और भारत सरकार का अधिकारी बताया। इस बारे में पुलिस ने समाज कल्याण विभाग से पता किया तो वहां भी कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। पुलिस ने कार्यालय में मौजूद रिकॉर्ड को कब्जे में लेकर कार्यालय के गेट पर ताला लगा दिया है।

#### जांच शुरू

पुलिस को प्राथमिक जांच में पता चला कि हिसार के राजपुरा निवासी राममेहर ने लोगों के साथ धोखाधड़ी के लिए फर्जी तौर पर समाधान ग्रामीण कार्यालय खोला हुआ है। कार्यालय में लोगों से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना एवं लाडो योजना के लिए रजिस्ट्रेशन या आवेदन करने के नाम पर आवेदकों से 1100 रुपए फीस ली जा रही थी। राममेहर, जो कि भारत सरकार का अधिकारी बनकर व बोलेरो गाड़ी पर नीली बत्ती लगाकर व भारत सरकार लिखाकर बिना अनुमति के फर्जी तौर पर लिखा हुआ है। अभी तक आवदेक या लोग सामने नहीं आए है, जिनसे पैसे लेकर आवेदन करवाए हैं।

समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ने बताया कि इस कार्यालय के बारे में पुलिस से सूचना मिली थी। इस कार्यालय का हमारे पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। समाज कल्याण विभाग से भी संपर्क नहीं है। हमने भी जांच के लिए टीम बना दी है, जो मौके पर जाकर उसकी जांच करेगी।

---

### 'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूर्ण

# सिरसा के पंचायत भवन में कल होगा वंदे मातरम का समूहगान

**सिरसा।** 'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सात नवंबर को देशभर में प्रातः दस बजे 'वंदे मातरम' गीत का एक साथ समूहगान किया जाएगा। जिला, उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर भी गरिमामय तरीके से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर स्थानीय पंचायत भवन में समूहगान का आयोजन किया जाएगा, जिसके मुख्यातिथि हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा होंगे तथा पूर्व गृह राज्य मंत्री श्री गोपाल कांडा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसी प्रकार डबवाली में बलदेव सिंह मांगेआना, कालांवाली में राजेंद्र देशुजोधा, ऐलनाबाद में अमीरचंद मेहता तथा रानियां में शीशपाल कंबोज मुख्यातिथि होंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन जिला, उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा। इसके साथ-साथ सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों, कालेजों व विश्वविद्यालयों में भी सात नवंबर को वंदे मातरम गीत का आयोजन किया जाना है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे स्कूल स्तर पर वंदे मातरम समूह का आयोजन करवाएं ताकि विद्यार्थियों को इसके महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके।

### कार्यक्रम | राष्ट्रगीत के महत्व को समझाना और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना उद्देश्य : उपायुक्त

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आज, उपायुक्त ने जल्द तैयारियों के दिए निर्देश

> सुबह 10 बजे डीपीआरसी हॉल में होगा कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150वीं वर्षगांठ पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में देशभक्ति और स्वदेशी भावना को सशक्त करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का स्मरणोत्सव 7 नवंबर से शुरू होगा जो साल भर जारी रहेगा। डीपीआरसी हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 7 नवंबर को सुबह 10 बजे राज्यसभा सांसद किरण चौधरी मुख्य अतिथि, पूर्व विधायक दुड़ाराम विशिष्ट अतिथि, रतिया में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व टोहाना में पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली मुख्य अतिथि रहेंगे।



फतेहाबाद। अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार से सभी जिला अधिकारियों की बैठक लेते हुए वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला, उपमंडल व खंड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला भर में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ देशभक्ति और राष्ट्र एकता की भावना के साथ में मनाई जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को राष्ट्रगीत वंदे मातरम के महत्व को समझाना और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है।

#### भव्य सांस्कृतिक कार्यकमों को होगा आयोजन

डीसी ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि 7 नवंबर के उनके कार्यक्रम राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुरूप हों और वंदे मातरम का सामूहिक गायन उच्च स्तर पर हो। 7 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के आईजी स्टेडियम में राष्ट्रीय कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। 7 नवंबर को सुबह 10 बजे से देशभर में सामूहिक वंदे मातरम गायन का समय तय किया गया है। प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, कॉलेजों, अस्पतालों व पुलिस थानों में वंदेमातरम 150 एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम होंगे। इसमें प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा व रतिया एसडीएम सुरेंद्र कुमार वीसी से, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीएसपी जगदीश काजला, डीईओ संगीता बिश्नोई, एडीआईओ प्रीति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने कब्जे में ली मालखाने की डीवीआर

**सिरसा।** जिला पुलिस मालखाने से नशीले पदार्थों के पलंदे गायब होने का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। मामले में सीआईए पुलिस रिटायर्ड पुलिसकर्मी को जांच में शामिल कर उसे मालखाने में लेकर पहुंची। उसकी मौजूदगी में मालखाने से रिकॉर्ड को जांचा गया। कुछ रिकॉर्ड मिला और कुछ नहीं मिल पाया है। इससे पुलिस का शक बढ़ गया है, उससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने मालखाने में 17 नए सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए हैं। पुराने कैमरों की डीवीआर कब्जे में ले ली है।

### गार्ड से ठगी के मामले में राजस्थान से युवक काबू

**फतेहाबाद।** बैंक के सिक्योरिटी गार्ड को सस्ते आईफोन का लालच देकर हजारों रुपये की ठगी करने के मामले में सदर रतिया पुलिस ने राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान नेमीचंद मीणा पुत्र किशनलाल मीणा निवासी राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक हजार की नकदी बरामद की है। इससे पहले इसी मामले में एक आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है।

### ईंट भट्ठों पर 28 तक होंगे जागरुकता शिविर

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सौजन्य से जिला में 7 नवंबर से 28 नवंबर तक श्रमिक सुरक्षा अभियान-लेबरर्स सेफ्टी एंड राइट्स कैंपेन की शुरूआत की जाएगी। अभियान के तहत जिले के विभिन्न ईंट भ_ों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रम एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संचालित इस अभियान का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा उपलब्ध सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है।

### डॉ. बलदेव सिंह प्रोफेसर पद पर पदोन्नत हुए

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। डॉ बलदेव सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, राजकीय नेशनल कॉलेज, सिरसा को प्रोफेसर पद पर पदोन्नत किया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. बलदेव सिंह गत 31 अक्टूबर को अपना सरकारी सेवा का कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत हो चुके हैं। 31 अक्टूबर को ही विशेष रूप से उन्हें निदेशालय प्रोफेसर पद के इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था, तदुपरांत महाविद्यालय में आज उनकी प्रोफेसर पद पर पदोन्नति के आदेश प्राप्त हुए हैं। उसके पश्चात महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्य प्रोफेसर हरजिंदर सिंह ने कहा की डॉक्टर बलदेव सिंह इस प्रोफेसर पद के लिए पूर्ण रूप से अधिकारी एवं सक्षम है।

### महिला कॉलेज में शब्द प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। राजकीय महिला महाविद्यालय में वीरवार को अंग्रेजी विभाग द्वारा अंग्रेजी विषय परिषद के तत्वाधान में शब्द प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. मोनिका गिल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अंग्रेजी शब्दकोश में सुधार लाना था। प्रतियोगिता में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा छात्राओं को दैनिक वार्तालाप के कठिन व अंग्रेजी विषय से जुड़े आवश्यक शब्दों के माध्यम से अवगत करवाया गया।

### एकता ने बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक

**सिरसा।** हिमाचल प्रदेश का किन्नौर में आयोजित इलाइट वुमन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 70-75 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतियोगिता करते हुए गुरु द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब की खिलाड़ी एकता ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्कृष्ट कौशल और मेहनत के दम पर एकता ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी और क्लब व क्षेत्र का नाम रोशन किया। एकता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच रोबिन व अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर जय भगवान को दिया, जिन्होंने लगातार उनका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया।

## समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# ग्रे वाटर प्रोजेक्ट के निर्माण में सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का आरोप, जांच की मांग

■ आमजन को समाधान शिविरों का लाभ उठाना चाहिए : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एसडीएम राजेश कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम ने बताया कि समाधान शिविर जन सुनवाई का सशक्त माध्यम बन है। इन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से निवारण करवा रहे हैं। इन शिविरों में आने वाली शिकायतों के समाधान की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग करते हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से उच्चाधिकारियों द्वारा भी हर सप्ताह वर्चुअल माध्यम से बैठक कर समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों के निवारण संबंधित समीक्षा की जाती है, इसलिए आमजन को इन समाधान शिविरों का लाभ उठाना चाहिए।


समाधान शिविर में धारसूल कलां निवासी दया सिंह ने मनरेगा कार्य से हटाने पर संबंधित फैक्ट्री पर कार्रवाही करने, हरीश कुमार ने प्लॉट के ऊपर बिजली सप्लाई हटवाने, गांव नन्हेड़ी निवासी शोभा देवी, गांव नन्हेड़ी निवासी पप्पू ने जोहड़ के किनारे पड़े उपले उठवाने, गांव ललौदा निवासी रणबीर सिंह ने बच्चों को आर्थिक सहायता दिलवाने, सुरेंद्र कुमार ने सुखे व नुकसानदायक वृक्ष हटवाने, गांव धांगड़ निवासी महेंद्र सिंह ने बुढ़ापा पेंशन न मिलने, संबंधित अपनी शिकायत समाधान शिविर में रखी।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एसडीएम राजेश कुमार।

### ये शिकायतें भी हुई प्राप्त

भूथन कलां निवासी नितेश कुमार कुलड़िया ने गांव में ग्रे वाटर प्रोजेक्ट के निर्माण में सार्वजनिक धन के दुरूपयोग व गंभीर अनियमितताओं की तत्काल ऑडिट एवं जांच करवाने, गांव अयाल्की निवासी अवतार सिंह व स्थानीय गुरूनानक पूरा निवासी ईश्वर दास ने राशन कार्ड बनवाने तथा भिरड़ाना निवासी देवी लाल ने वर्ष 2024 से 32 एकड़ में धान की पराली की गांठे व डीएसआर स्कीम के तहत की गई बिजाई की राशि दिलवाने, जीत सिंह ने 150 फुट गली का टुकड़ा पक्का करवाने, गांव चिम्मो निवासी सरबजीत कौर ने बिजली बिल कम करवाने, गांव अकावाली निवासी महेताबी देवी व सुभाष चंद्र ने पीपीपी में इनकम कम करवाने, स्थानीय भाटिया कॉलोनी निवासी सन्नी कुमार ने बैंक से ऋण दिलवाने की शिकायत रखीं।



भट्टूकलां। मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रदीप मांडन को नियुक्ति पत्र सौंपते भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व सचिव निशांत।

## नव नियुक्त चेयरमैन का प्रदीप मांडन ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

मार्केट कमेटी भट्टूकलां में नव नियुक्त चेयरमैन प्रदीप मांडन व वाइस चेयरमैन संजय सिंगला का पद ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। पद ग्रहण समारोह से पूर्व नव नियुक्त चेयरमैन प्रदीप मांडन ने गांव के लोगों के काफिले के साथ भट्टूकलां अनाजमंडी ढ़ोल नगाड़ों के साथ पंहुचे। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार धरातल से जुड़े कार्यकत्रा को पूरा मान सम्मान देती है। जो पार्टी के लिए समर्पण होकर काम करता है उसे उसका महनताना अवश्य मिलता है। इसी का जीता जागता उद्हारण प्रदीप मांडन को चेयरमैन पद पर नियुक्ति के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चेयरमैन को अपने आप चेयरमैन ना समझकर सेवक के रूप में कार्य करना चाहिए। लोगों की समस्याओं को हल कर आपस में प्रशासन के साथ तालमेल बैठाकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सोसायटी चेयरमैन राकेश भाम्भू, मार्केट कमेटी सचिव निशांत, अशोक जाखड़, सोनू चालिया, कमल चौधरी, महिला जिला मार्चा अध्यक्ष सुमन दलाल, राजेश मोटियार, रमेश भादू, राजेन्द्र सहू, जयसिंह बैनिवाल, सुभाष सहु, सुरजीत भदरेचा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# लंबित मांगों पर टरकाऊ रवैये के विरोध में अध्यापक 8 को पानीपत में करेंगे प्रदर्शन : दुसाद

■ हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक पब्लिक हैल्थ कार्यालय में हुई। बैठक में राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, जिला प्रधान राजपाल मिताथल, खंड प्रधान हरपाल हुड्डा, सचिव मुरारी लाल, कोषाध्यक्ष राजेश गोठड़ा, राधेश्याम कार्यालय सचिव, सर्व कर्मचारी संघ से इंद्र घासी, नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश तुषामड़, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन से सुखदेव सिंह उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद ने बताया कि शिक्षा विभाग के निदेशक व अन्य अधिकारियों से राज्य कमेटी की बातचीत हुई जिसमें अधिकतर मुद्दों पर असहमत रहे। उन्होंने बताया कि विभाग शहरों की बढ़ती आबादी के बावजूद नए विद्यालय नहीं खोल रहा। पिछले 40 वर्षों में केवल नाम बदले गए हैं, स्कूल नहीं खुले। बच्चों को किताबें देने के सरकारी दावे खोखले हैं। छठी कक्षा के आधे छात्रों के पास अभी तक किताबें नहीं पहुंची हैं।



फतेहाबाद। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा करते कर्मचारी नेता।

### मुद्दों पर जताई असमर्थता

एचकेआरएन अध्यापकों के बिलों पर जीएसटी हटाने, मेडिकल रिइम्बर्समेंट में अभिभावक आय की शर्त खत्म करने व एसओ की कमी जैसे मुद्दों पर भी विभाग ने असमर्थता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार व शिक्षा विभाग की वादाखिलाफी, अस्थायी आश्वासनों और शिक्षकों के साथ अपमानजनक रवैये के विरोध में अध्यापक संघ ने निर्णय लिया है कि 8 नवंबर को पानीपत स्थित शिक्षामंत्री के कैंप कार्यालय पर राज्यव्यापी प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा और 9 नवम्बर को तमाम विभागों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की तालमेल कमेटी के आह्वान पर कुरूक्षेत्र में रैली की जाएगी।

# राहुल गांधी के आरोप राजनीतिक हताशा से प्रेरित : यतींद्र सिंह

■ जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा और चुनाव आयोग पर लगाए आरोपों पर प्रतिक्रिया दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हाल ही में की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनके ये सभी आरोप पूरी तरह निराधार, भ्रामक और राजनीतिक हताशा से प्रेरित हैं। यह कांग्रेस पार्टी की पुरानी आदत बन चुकी है कि जब भी चुनाव में जनता उन्हें नकार देती है, तो वे लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख पर प्रश्नचिह्न लगाने लगते हैं। एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की हार का कारण किसी प्रकार की वोट चोरी नहीं, बल्कि उसकी अपनी नीतिगत विफलता, गुटबाजी और भ्रमित नेतृत्व है। जनता अब कांग्रेस के झूठे वादों और दोहरे चरित्र को भलीभांति समझ चुकी है। हर चुनाव के बाद राहुल गांधी अपनी हार स्वीकार करने के बजाय नए बहाने गढ़ते हैं। कभी ईवीएम पर सवाल उठाते हैं, कभी चुनाव आयोग को दोष देते हैं और अब वोट चोरी का नया बहाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। एडवोकेट सिंह ने आगे कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा चुनाव में हुई जीत यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा के मु यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की जीत है यह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों की जीत है जिन्हें लोगों ने पसंद किया है, जबकि दूसरी तरफ हरियाणा में कांग्रेस की गुटबाजी किसी से छिपी नहीं है। पार्टी के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं, जिसके कारण कांग्रेस पूरी तरह रसातल में पहुंच चुकी है।

## जेएनवी खाराखेड़ी के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

■ स्कूल के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य समूह में द्वितीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पीएम श्री स्कूल जेएनवी खारा खेड़ी के विद्यार्थियों ने जिला युवा महोत्सव में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। स्कूल के छात्रों ने कला, संस्कृति और विज्ञान से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और चार वर्गों में महत्वपूर्ण स्थान हासिल कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। प्राचार्य अनूप सिंह ने इस शानदार उपलब्धि के लिए सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, मार्गदर्शक शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्कूल द्वारा प्रदान किए गए समग्र शिक्षा के वातावरण का परिणाम है। स्कूल के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य समूह में द्वितीय स्थान पाया वहीं लोक संगीत वाद्य समूह एवं एकल में तथा साइंस मेला समूह में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ छात्रों ने विज्ञान के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा दिखाई।

# अनाज मंडी में किया औचक निरीक्षण

■ साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया और सफाई व्यवस्था को लेकर असंतोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

अनाज मंडी में सफाई व्यवस्था को लेकर मार्केट कमेटी के नवनियुक्त सदस्य एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मोलू राम रुल्हानिया व सुभाष गेदर धौलू ने मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया और सफाई व्यवस्था को लेकर असंतोष जताया।

उन्होंने साफ तौर पर निर्देश दिए कि मंडी में किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छता व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर होनी चाहिए। रुल्हानिया ने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से शौचालयों और पेशाबघरों में साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान सफाई ठेकेदार को मौके पर बुलाकर सफाई कार्यों में सुधार के निर्देश दिए गए। ठेकेदार ने मार्केट कमेटी सदस्यों को आश्वासन दिया कि मंडी में गंदगी की समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द ही स्थिति में सुधार किया जाएगा। रुल्हानिया ने बताया कि 8 नवंबर को मार्केट कमेटी के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सभी नवनियुक्त सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई कमेटी किसानों और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मिलजुलकर काम करेगी।



भूना। मार्केट कमेटी के सदस्य अनाज मंडी सफाई को लेकर ठेकेदार को दिशा निर्देश देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



## पूर्व सैनिक मिलन समारोह, कमांडिंग ऑफिसर ने पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को किया सम्मानित

**फतेहाबाद।** जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण कार्यालय के प्रांगण में पूर्व सैनिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 2 गाड्र्स रेजिमेंट कमांडिंग ऑफिसर कर्नल केएस मनराल, जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक विभाग की सचिव विंग कमांडर सुजाता, लेफ्टिनेट कर्नल संदीप सिंह ओआईसी ईसीएचएस लेफ्टिनेट कर्नल राजा राम सहित बड़ी संख्या में फतेहाबाद जिले के पूर्व सैनिकों व उनके आश्रित उपस्थित रहे। इस समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली व इन समस्याओं के निदान हेतु हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने पूर्व सैनिकों के आश्रितों व सामाजिक भलाई के कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। इसके उपरांत सभी अधिकारियों ने लघु सचिवालय में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन से उनके कार्यालय में मुकालात की तथा उन्हें पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

### मंडियों में 356927 एमटी धान की खरीद

**सिरसा।** जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 356927 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 166012 एमटी, हैफेड द्वारा 152787 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 38128 एमटी खरीद की गई है। इसके साथ-साथ उठान प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। अबतक 275426 मीट्रिक टन धान का मंडियों से उठान हो चुका है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि बड़ागुढ़ा मंडी में 7929 एमटी, डबवाली मंडी में 46858 एमटी, कालांवाली मंडी में 93538 एमटी, फग्गु मंडी में 10578 एमटी, रानियां मंडी में 15551 एमटी, रोड़ी में 14937 एमटी, सिरसा मंडी में 34193 एमटी, सुरतिया मंडी में 8216 एमटी, थिराज मंडी में 9307 एमटी, ओढां में 16327 एमटी धान की खरीद दर्ज की गई।

### रबी फसलों के बीज की बिक्री शुरू

**सिरसा।** हरियाणा बीज विकास निगम लिमिटेड द्वारा राज्य के किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सिरसा यूनिट के सभी सेल काउंटरों पर रबी फसलों के बीज की बिक्री प्रारंभ कर दी गई है। निगम द्वारा सरकार की सब्सिडी नीति के अंतर्गत प्रमाणित बीज रियायती दरों पर किसानों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। हरियाणा बीज विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि निगम के विभिन्न बिक्री केंद्रों पर गेहूं, सरसों, चना, जौ आदि रबी फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसान अपने नजदीकी एचएसडीसी बिक्री केंद्र से प्रमाणित बीज प्राप्त करें और समय पर अपनी बुआई पूर्ण करें। उन्होंने किसान से अपील की है कि वे नकली बीजों से सावधान रहें और केवल एचएसडीसी के सरकारी बिक्री केंद्रों से ही उच्च गुणवत्ता वाला बीज प्राप्त करें।

### बालिकाओं को किया जाएगा सम्मानित

**सिरसा।** राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं के पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए इच्छुक बालिकाएं 21 नवंबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन कर सकती हैं। इसके बाद आवेदन संबंधित विभाग की सिफारिश पर मुख्यालय पर भेजे जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक डा. दर्शना सिंह ने बताया कि सामाजिक कार्यों, खेल, संस्कृति, शिक्षा, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य मुद्दों और मीडिया तथा साहित्य जैसे क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्यों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। सरकार द्वारा महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाने के लिए अनेक योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम मील का पत्थर: सुथार

**सिरसा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) डिंग में आयोजित तीन दिवसीय इंग्लिश लैंग्वेज स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का वीरवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम के दौरान एससीईआरटी हरियाणा से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स सुदीप सानिवाल, राकेश मोहन, पवन कनोजिया, सुरेश करुणादीप एवम् वरुण बजाज ने इंग्लिश लैंग्वेज स्किल डेवलपमेंट से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण सत्र लिए। प्रशिक्षकों ने शिक्षण प्रक्रिया में इंटरएक्टिव लर्निंग, एक्टिविटी बेस्ड टीचिंग एवं क युनिकेशन ओरिएंटेड एप्रोच को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। समापन समारोह में बतौर मु य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग के पूर्व उप निदेशक पवन सुथार एवं वर्तमान में न्यायधीश, पीएलए कोर्ट ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप शिक्षकों की भाषाई दक्षता एवं संप्रेषण कौशल को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# भाजपा ने की लोकतंत्र की हत्याः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि पार्टी महासचिव राहुल गांधी द्वारा बीते दिवस किए गए वोट चोरी के खुलासे ने इस बात को प्रमाणित कर दिया है कि भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। शर्मा ने जारी बयान में कहा कि भाजपा ने प्रदेश की सत्ता हथियाने के लिए डटी गेम खेली। हजारों की संख्या में ना सिर्फ फर्जी वोट बनाए गए, बल्कि एक वोटर से कई कई बूथों पर अपने पक्ष में वोट भी डलवाए गए। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा वोटों का यह फर्जीवाड़ा ना करती, तो उसकी प्रदेश में सरकार बनना नामुमकिन था। राजकुमार शर्मा ने कहा कि तमाम न्यूज चैनल, न्यूज पेपरों एवं एजेंसियों के सर्वे में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत के साथ हरियाणा प्रदेश में सरकार बनते दिखाया जा रहा था, लेकिन भाजपा ने वोटों की चोरी कर सरकार बना ली। शर्मा ने कहा कि भाजपा शासन के 10 साल के शासन से दुखी प्रदेश की जनता भाजपा को तीसरा मौका कतई देना नहीं चाहती थी। प्रदेश की जागरूक जनता ने कांग्रेस को सत्तासीन करने का पूरा तरह मन बना रखा था, परंतु भाजपा ने लोकतंत्र की पीठ में छूरा घोंपकर अपने नापाक इरादों को अंजाम दिया। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि ने कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर यह जो गंदा खेल खेला है, उससे लोगों का चुनाव प्रणाली से भरोसा उठता जा रहा है।

**जागरुकता** फतेहाबाद जिले में 'ग्रीन स्टेप्स फॉर ए सस्टेनेबल टुमारो' के तहत होंगी गतिविधियां

# नवंबर में जल संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों को किया जाएगा जागरूक, विद्यालयों में आयोजित होंगी स्पर्धाएं

■ अब नवम्बर माह की शुरुआत के साथ ही 'पानी अनमोल है' विषय पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एससीईआरटी हरियाणा की विज्ञान विंग के तत्वावधान में फतेहाबाद जिले में 'ग्रीन स्टेप्स फॉर ए सस्टेनेबल टुमारो' कार्यक्रम के अंतर्गत सस्टेनेबिलिटी कैलेंडर के तहत नवंबर माह में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। नवंबर माह में आयोजित होने वाली गतिविधियों का मुख्य केन्द्र जल की बर्बादी को रोकना और जल संरक्षण के लिए युवाओं को जागरूक करना है। जिला एसडीजी कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रदीप लौरा ने बताया कि सितंबर माह में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान और अक्टूबर माह में 'क्लीन स्कूल, हेल्दी स्कूल' कार्यक्रम को जिले के सभी विद्यालयों में उत्साह एवं सक्रियता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया था। अब नवम्बर माह की शुरुआत के साथ ही 'पानी अनमोल है' विषय पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस माह के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए स्लोगन राइटिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जल संरक्षण के संदेश को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। 'जल उपयोग एवं बर्बादी का आकलन' करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाएगा ताकि वे घर व विद्यालय में जल संरक्षण के उपायों को अपने जीवन में सुचारू रूप से अपना सकें।

### इको क्लब इंचार्जों को सौंपी जिम्मेदारी

सभी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान जल संरक्षण पर चर्चा एवं जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे। डॉ. प्रदीप लौरा ने बताया कि इस परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी विद्यालयों में इको क्लब इंचार्जों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इको क्लब के सदस्य विद्यार्थियों को विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों से जोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. लौरा ने आगे कहा कि आने वाले महीनों में भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में पूर्व-निर्धारित विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी जैसे दिसम्बर में 'संतुलित आहार, स्थानीय भोजन', जनवरी में 'प्लास्टिक मुक्त विद्यालय' और फरवरी में मानसिक स्वास्थ्य, व्यायाम और परीक्षा तैयारी पर सत्र इत्यादि करवाया जाएगा।



डॉ. प्रदीप लौरा।

## खबर संक्षेप



### समाज को नई दिशा देते हैं धार्मिक आयोजन

**सिरसा।** जिला के गांव धोतड़ में स्थित बालाजी मंदिर में गुरूवार को धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधान माया चोयल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एक नई दिशा देने का काम करते हैं। अच्छे काम के लिए शुरूआत की जरूरत होती है, उसके बाद लोगों का कारवां अपने आप जुड़ता चला जाता है। भाजपा जिला सचिव बलजिंद्र जोसन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आमजन में संस्कृति, सभ्यता, धार्मिक भावना को जागृत करते हैं।

### सचिवालय में कृषि यंत्रों के लिए ड्रा 10 को

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष 2025-26 के तहत फसल अवशेष प्रबंधन हेतु 16 प्रकार के कृषि यंत्रों के लिए जिले में कुल 5182 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभाग द्वारा पूर्व में 1660 लाभार्थियों का चयन 8 सितंबर को ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से किया जा चुका है, जिनमें सभी 119 अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदनों को भी शामिल किया गया। सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि इन अतिरिक्त कृषि यंत्रों के लिए पात्र किसानों का चयन ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से 10 को 12.30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में किया जाएगा।

### सुखदेव कालापीला चुने गए प्रधान

**फतेहाबाद।** रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन फतेहाबाद की बैठक भूप सिंह नैन की अध्यक्षता में गंगा होटल में हुई। बैठक में सर्वप्रथम



आरएसओ के प्रधान रहे विरेन्द्र नारंग के निधन पर शोक जताया गया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। सदस्यों ने विरेन्द्र नारंग द्वारा फतेहाबाद में रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन के साथ जुडक़र सडक़ हादसों को रोकने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई और उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। बैठक में मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से समाजसेवी सुखदेव कालापीला को प्रधान नियुक्त किया गया।

### हनुमान नाम का भावार्थ अपने मान का हनन

**सिरसा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा स्थानीय पुलिस लाइन मंदिर में जारी तीन दिवसीय सुंदर कांड कथा के दूसरे दिन स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि सुंदर कांड प्रसंग में गोस्वामी तुलसीदास ने भक्त हनुमान की गाथा का वर्णन किया है। उन्होंने कहा कि हनुमान का भावार्थ है अपने मान का, अहंकार का हनन करना। हनुमान जी भगवान राम के परम भक्त और सेवक थे। यदि हनुमान जी की भक्ति और शक्ति की बात की जाए तो उनकी भक्ति के कुछ महत्वपूर्ण पहलू हैं, जिसमें श्रद्धा और विश्वास,, निष्ठा और संयम, शक्ति और साहस, सेवा और समर्पण जैसे दिव्य सद्गुण दर्शनीय हैं।

### बावल के विधायक करेंगे कान्क्लेव का उद्घाटन

**सिरसा।** बावल (रेवाड़ी) के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में 'साइंस कॉन्क्लेव-2025' का उद्घाटन 7 नवम्बर को करेंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार करेंगे। इस साइंस कॉन्क्लेव आयोजन 7 एवं 8 नवम्बर को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव का विषय 'अनफोल्डिंग डिस्कवरीज एंड एडवांसिंग नेशन (उड़ान)' रखा गया है। आयोजन समिति की संयोजक डॉ. मंजू नेहरा ने बताया कि यह कॉन्क्लेव हरियाणा स्टेट कॉउन्सिल ऑफ साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रायोजित है। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहेंगे।

---

## जिला पुलिस मुस्तैद, एडवाइजरी जारी : पुलिस अधीक्षक

# पराली या भूसे को आग लगाने पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| फतेहाबाद



- पराली जलाने वालों के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति, टीमें सक्रिय

एसपी सिद्धांत जैन

खेतों में पराली या भूसे को जलाने से उत्पन्न गंभीर वायु प्रदूषण और उससे मानव स्वास्थ्य पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक सख्त एडवाइजरी जारी की है। इसका उद्देश्य किसानों एवं जिलेवासियों को जागरूक करना और पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाना है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा है कि पराली या भूसे को जलाना कानूनन अपराध है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों के तहत ऐसा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना, एफआईआर और अन्य कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खेतों या खुले स्थानों पर पराली अथवा भूसे को आग लगाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है और इसके प्रति पुलिस की ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। पराली जलाने से खेत की उर्वरक शक्ति में कमी आती है, जबकि इसके धुएं से वातावरण में धुंध फैलती है, जिससे सडक़ दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। वायु प्रदूषण के कारण अस्थमा, एलर्जी, हृदय रोग, और फेफड़ों की बीमारियों में भी वृद्धि होती है। सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के लिए आधुनिक मशीनें जैसे सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर, मल्चर आदि उपलब्ध कराई गई हैं, जिनका किसान भाई लाभ उठा सकते हैं।

### तत्काल एक्शन

एसपी ने बताया कि जिले में पुलिस की विशेष निगरानी टीमें निरंतर सक्रिय रहेंगी और पराली जलाने की किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम स्तर पर बीट अधिकारी किसानों से संवाद स्थापित करेंगे और उन्हें पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक करेंगे। पुलिस ने आमजन से अपील है कि यदि कहीं भी पराली या भूसे को जलाए जाने की घटना दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत निकटतम थाना, बीट अधिकारी, पुलिस कंट्रोल रूम नंबर या पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें।

## पराली प्रबंधन से खेत में बढ़ेगी मिट्टी की उर्वरता, घटेगा प्रदूषणः डॉ. सुखदेव सिंह

- गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक कर रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| सिरसा

पराली प्रबंधन से न केवल मिट्टी की सेहत सुधरती है, बल्कि वायु प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी आती है, जिससे किसानों और समाज दोनों को लाभ होता है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि पराली जलाने से वायु में जहरीली गैसें और धुआं फैलता है, जो सांस और आंखों से जुड़ी बीमारियों को जन्म देता है। कृषि विभाग और प्रशासन ने किसानों को पराली न जलाने और उसके वैज्ञानिक प्रबंधन की दिशा में प्रेरित करना शुरू किया है। वीरवार को टीमों ने जिला के मल्लेवाला, जीवन नगर, जोधपुरिया, बुखारा खेड़ा, धनूर, पन्नीवाला मोटा, रामपुर थेड़ी, कुत्ताबढ सहित कई गांवों में आमजन को पराली न जलाने को लेकर जागरूक किया।



सिरसा। पराली प्रबंधन को लेकर जागरूक करती टीम।

### ये होगा फायदा

उन्होंने बताया कि पराली प्रबंधन के लिए सरकार किसानों को कई आधुनिक मशीनें उपलब्ध करवा रही है जैसे हैप्पी सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, रोटावेटर, बेलर और मल्चर। इन मशीनों की मदद से पराली को बिना जलाए खेत में ही काटकर मिट्टी में मिलाया जा सकता है या फिर उससे बायोगैस, बायो-फ्यूल, पशु चारा और जैविक खाद तैयार की जा सकती है। इससे किसानों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि पराली प्रबंधन न केवल पर्यावरण संरक्षण का साधन है बल्कि किसान की आर्थिक प्रगति का मार्ग भी है।

इसके अलावा गांव जीवन में राजकीय स्कूल के बच्चों ने जागरूकता रैली के माध्यम से भी आमजन को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कि पराली को जलाने की बजाय अगर उसे खेत में ही मिलाया जाए, तो यह प्राकृतिक खाद का काम करती है।

---



फतेहाबाद। हत्या मामले में गिरफ्तार दोनों युवक। फोटो : हरिभूमि

### नशे के इंजेक्शन से मौत का मामला

## पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव हिजरावां कलां में नशे के इंजेक्शन से हुई युवक की हत्या के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विजय पुत्र पहलवान निवासी हिजरावां कलां और अवतार उर्फ सोनू पुत्र सुखविंदर सिंह निवासी मूसेअली के रूप में हुई है। इससे पहले भी इसी मामले में दो मुख्य आरोपी मंगल उर्फ मंगी पुत्र पहलवान सिंह निवासी हिजरावां कलां और लखबीर सिंह उर्फ काला पुत्र बलकार सिंह निवासी मूसेअली को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर को गांव हिजरावां कलां निवासी निर्मल सिंह पुत्र काबल सिंह ने थाना सदर फतेहाबाद में बयान दर्ज करवाया था कि उसका पुत्र 26 वर्षीय जशनप्रीत सिंह नशे का आदी हो गया था और उसे गांव के कुछ व्यक्ति नशे की आपूर्ति करते थे। उसने बताया कि आरोपी मंगल उर्फ मंगी व लखबीर सिंह उर्फ काला उसके बेटे को लगातार नशा देते थे।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस जांच के दौरान इस मामले में गहन पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दो अन्य आरोपियों विजय और अवतार उर्फ सोनू की संलिप्तता सामने आई, जिन्हें अब गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच जारी है ताकि इस हत्याकांड से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

---

## क्रेसंट स्कूल में प्रार्थना सभा का अयोजन

- सभी के लिए न्याय तक पहुंच कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में 'सभी के लिए न्याय तक पहुंच- कानूनी जागरूकता के माध्यम से हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाना' थीम के साथ नेशनल लीगल सर्विस डे के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में न्याय, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अश्मित व रिया के मंच संचालन में मिहिका, रूहान व एशवी द्वारा 'वहीं सच्चा नागरिक अपने अधिकार समझ सकता है, जो अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करता है' सुविचार प्रस्तुत किया गया। सोनाक्षी व हरयश ने कानूनी जागरूकता पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत करते हुए न्याय एवं समानता के महत्व पर प्रकाश डाला। सिया व मनन ने 'जहां अंधकार व अन्याय बढ़ता है वहां कानून का प्रकाश धीरे से चमकता है' कविता का सस्वर वाचन किया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल में आयोजित ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करते है।




फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में नेशनल लीगल सर्विस डे पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### महिला महाविद्यालय में वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता आज

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में 7 नवंबर को 6वीं वार्षिक एथलेटिक मीट आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और खिलाडिय़ों को छात्राओं का उत्साहवर्धन करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ी 100, 400 मीटर दौड़ के अलावा, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, रस्साकशी, धीमी साइकिल दौड़, कबड्डी, रिले रेस आदि में भाग लेंगी। इसके अलावा शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी होगी ।

## फोटो फ्रेम के गोदाम में आग लगी

- दमकल विभाग के पांच गाड़ियों ने मशक्कत से काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

शहर के मीना बाजार क्षेत्र में स्थित एक दुकान के गोदाम में जबरदस्त आग लग गई। आग से दुकानदार का लाखों का नुकसान हुआ है। दुकानदार अमित मोनू की शंभू फोटो फ्रेम नामक फर्म का श्री राम मार्केट में स्टोर है, जिसमें आज दिन के समय अचानक आग लग गई। इस दौरान आसमान में धुएं का बड़ा गुबार बन गया और तंग बाजार में आग देखकर लोगों में दहशत फैल गई। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां बुलाई गई। फायर ब्रिगेड की पांच गाडिय़ों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक काफी मात्रा में सामान जल कर राख हो गया। आग कैसे लगी अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया, लेकिन आग से लाखों के नुकसान का अनुमान है। पूर्व पार्षद विनोद बंसल के मुताबिक बाजार तंग होने की वजह से आग बुझाने में काफी दिक्कत आई।



सिरसा। गोदाम से उठाता धुएं का गुब्बार। फोटो : हरिभूमि

---

### घर से गोलगप्पे खाने निकला था

## चार दिन से लापता अर्शदीप का शव भाखड़ा नहर से बरामद

**रतिया।** क्षेत्र के गांव नंगल से 2 नवंबर की शाम को घर से गोलगप्पे खाने के लिए निकले 14 वर्षीय अर्शदीप का वीरवार सुबह गांव से 4 किलोमीटर दूर लधुवास कर करीब भाखड़ा नहर से शव बरामद हुआ है। परिजन व ग्रामीण पिछले 4 दिन से अर्शदीप की तलाश में लगे हुए थे। सदर थाना में अर्शदीप की गुमशुदगी का मामला भी दर्ज करवाया गया था। बुधवार को इस मामले को लेकर ग्रामीण एकजुट भी हुए थे। अर्र्शदीप सिंह के पिता पूर्र्ण कुमार ने पुलिस को बताया था कि 2 नवंबर को शाम 4 बजे के आसपास वह अपने दादा दारी राम से 10 रुपये लेकर गांव में गोलगप्पे खाने के लिए घर से निकाल था, जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। इसकी सूचना ब्राह्मणवाला पुलिस चौकी व डायल 112 को भी दी है। पुलिस के अलावा परिजन ग्रामीणों के सहयोग से आसपास के गांवों, रिश्तेदारियों व अन्य जगहों पर लगातार तलाश कर रहे हैं लेकिन कहीं पर भी उसका पता नहीं चला। अब शव नहर में मिला है।



अर्शदीप का फाइल फोटो।

## भोडिया खेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स

- विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ भी जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिलेभर में साइबर अपराध एवं नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद की टीम ने आज सरकारी उच्च विद्यालय भोडिया खेड़ा फतेहाबाद में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव के नेतृत्व और एएसआई राजेश के समन्वय में आयोजित इस सत्र में छात्रों को बताया गया कि डिजिटल युग में साइबर ठगी, फेक प्रोफाइल, फिशिंग कॉल्स व ऑनलाइन हैकिंग जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने निजी डेटा, पासवर्ड और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना जरूरी है। टीम ने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह भी बताया कि कैसे साइबर अपराधी सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम या नकली वेबसाइटों के जरिए लोगों को अपने जाल में फँसाते हैं।



फतेहाबाद। फतेहाबाद। भोडियाखेड़ा में विद्यार्थियों को जागरूक करते थाना साइबर फतेहाबाद के प्रभारी। फोटो : हरिभूमि

### व्यक्तिगत ऋण योजना

## स्वरोजगार के लिए 27 महिलाओं को 22.40 लाख के ऋण स्वीकृत

**फतेहाबाद।** हरियाणा महिला विकास निगम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्यरत है। इसी उद्देश्य के तहत निगम द्वारा व्यक्तिगत ऋण योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत ऐसी महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराया जाता है जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से अधिक न हो तथा जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकर दाता न हो। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत पात्र महिलाओं को अधिकतम 1.50 लाख रुपये का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इस योजना में निगम द्वारा कुल ऋण पर 25 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिसमें सामान्य वर्ग की महिलाओं को अधिकतम 10000 रुपये दिए जाएंगे।

### ये बोले अधिकारी

हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक स्नेह लता ने बताया कि 2025-26 वित वर्ष में हरियाणा महिला विकास निगम का 74 केसों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें से 27 महिलाओं को बैंकों के द्वारा स्वीकृत कुल 22 लाख 40 हजार रुपये के ऋण पर 3 लाख 80 हजार रुपये की अनुदान राशि निगम के द्वारा जारी कर दी गई है।

---

### बाबा हरिनामदास दास ने फरमाया

## ईश्वर को अर्पण कर किए गए कर्म से मिलती है ऊर्जाः महंत

- 4 दिवसीय जीवन का आधार-गीता का सार कार्यक्रम संपन्न

**सिरसा।** ब्रह्मा्ाकुमारीज संस्थान आनंद सरोवर में जारी चार दिवसीय जीवन का आधार-गीता का सार कार्यक्रम के अंतिम दिन डेरा बाबा भूमण शाह, मल्लेवाला के प्रमुख महंत हरिनामदास दास बतौर मुख्यतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा कि निष्काम और समर्पण भाव से किया गया कर्म ही हमें ऊर्जा प्रदान करता है। अपने दैनिक जीवन में हमारे से किसी का भी अहित न हो और न ही हमारे भीतर किसी प्रकार का अहम भाव हो, इस बात के लिए सदा सचेत रहें। उन्होंने बताया कि गीता मात्र एक शास्त्र नहीं है बल्कि एक प्रयोगशाला है जहां हम अपनी विचारधारा एवं व्यर्थ मान्यताओं का विशशण कर अपने मूल स्वरूप को अनुभव करने का प्रयास करते हैं, जो व्यक्ति गीता की शिक्षाओं का अनुसरण करता है उसकी विजय निश्चित है, लेकिन इसके लिए संसार की व्यर्थ बातों से वैराग धारण कर अर्जुन समान साधक बनकर परमात्म निश्चय को सुदृढ़ करना होगा।

### सराहनीय | पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सौंपा बरामद सामान

## पुलिस ने गुम हुए10 मोबाइल फोन ढूंढकर मालिकों को वापस लौटाए

आईएमईआई ट्रेसिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग से खोजे फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने लाखों रुपये के गुम हुए 10 मोबाइल फोन ढूंढकर उनके असली मालिकों को लौटाए है। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सिद्धांत जैन ने करीब 9 लाख कीमत के 10 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। अब तक साइबर थाना की टीम 257 से अधिक मोबाइल फोन बरामद कर लौटाने की उपलब्धि हासिल कर चुकी है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने आईएमईआई ट्रेसिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर इन मोबाइलों को ट्रेस किया। प्रत्येक फोन की बरामदगी के पीछे महीनों की मेहनत, सटीक विश्लेषण काम आया।



फतेहाबाद। लोगों को उनके गुम मोबाइल फोन लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।

### एसपी ने सौंपे मोबाइल

कार्यक्रम में जब एसपी जैन ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन सौंपे, तो माहौल भावनाओं से भर गया। किसी की आंखों में खुशी थी, तो किसी के चेहरे पर संतोष की चमक। कई लोगों ने कहा कि उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन फतेहाबाद पुलिस ने उन्हें उनका फोन ही नहीं, बल्कि पुलिस पर दोबारा विश्वास करने का कारण भी दिया। फोन प्राप्त करने वाले नागरिकों में दीपू कुमार पुत्र फूल सिंह निवासी उकलाना, अशोक कुमार पुत्र विशन दास निवासी शिव नगर फतेहाबाद, रिंकू पुत्री कुशल चंद निवासी लाली, सुरजीत सिंह पुत्र सही राम निवासी हिजरावां कलां, महेंद्र सिंह पुत्र चित्तर सिंह निवासी फतेहाबाद, शुभम पुत्र दीदार सिंह निवासी रतिया, राजेश कुमार पुत्र महिंदर कुमार निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद, नानक सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी गांव कुनाल, समीर पुत्र सचिन कुमार निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद तथा देशराज पुत्र राम गोपाल निवासी भूना शामिल हैं।